# मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड

(मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग का उपक्रम)
5, अमरकंटक भवन, इन्दिरा प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल–11
फोन–91755–2763060,61,62
ई–मेल:mpusipbpl@gmail.com

## //प्रतिनियुक्ति/संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन//

क्र. MPUDC/PMU/2024/.....1638, दिनांक 22/02/2024

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेण्ट कंपनी लिमिटेड में गठित परियोजना प्रबंधन इकाई भोपाल एवं परियोजना कियान्वयन इकाईयों में रिक्त निम्न पदों पर प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। पदों का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. | पदनाम | शहर का नाम जिमसें पद रिक्त है | समकक्ष पद जिससे प्रतिनियुक्ति पर सेवाए प्राप्त की जायेगी | कुल रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | ओबीसी | अजा | अजजा | प्रतिनियुक्ति हेतु वेतनमान | | संविदा हेतु एक मुश्त वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | पे बैन्ड | ग्रेड पे | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | परियोजना प्रबंधक | पीआईयू मुरैना, ग्वालियर, भोपाल छतरपुर, शहडोल | अधीक्षण यंत्री (सिविल) | 05 | 0 | 03 | 0 | 02 | 15600-39100 | 7600 | 80,000/- |
| 2 | परियोजना अधिकारी | पीएमयू भोपाल | कार्यपालन यंत्री (सिविल) | 02 | 0 | 01 | 0 | 01 | 15600-39100 | 6600-7600 | 67,000/- |
| 3 | उप परियोजना प्रबंधक | पीआईयू रीवा सागर, इंदौर | कार्यपालन यंत्री (सिविल) | 03 | 0 | 02 | 0 | 01 | 15600-39100 | 6600 | 67,000/- |
| 4 | सामुदायिक विकास अधिकारी/जनसम्पर्क अधिकारी | पीआईयू शहडोल, | सामुदायिक विकास अधिकारी/जनसम्पर्क अधिकारी | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 15600-39100 | 5400 | 56,000/- |
| 5 | सिविल अभियंता | पीएमयू भोपाल | सहायक यंत्री (सिविल) | 03 | 0 | 0 | 01 | 02 | 15600-39100 | 5400-6600 | 56,000/ |
| 6 | कार्यालय प्रबंधक | परियोजना प्रबंधन इकाई भोपाल | सहायक अधीक्षक/कार्यालय अधीक्षक समकक्ष | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 9300–34800 | 3200–4200 | 33000/– |
| 7 | प्रशासकीय सहायक | पीएमयू भोपाल | सहायक ग्रेड–2 या समकक्ष | 02 | 0 | 1 | 0 | 1 | 5200-20200 | 2800-3600 | 29,000/ |

नोट:–

1. उपरोक्त पदों की पूर्ति सर्वप्रथम प्रतिनियुक्ति से की जायेगी। प्रतिनियुक्ति से पद पूर्ति ना होने पर शेष बचे हुए पदों की पूर्ति संविदा नियुक्ति द्वारा की जायेगी, जिसमें म.प्र. शासन के आरक्षण नियम लागू होंगे एवं प्रत्येक वर्ग में म.प्र. शासन के आरक्षण नियमों के अनुसार समस्त एवं प्रभागवार आरक्षण के प्रावधान भी यथा स्थिति लागू होंगे।
2. आवश्यकतानुसार उपरोक्त पदों की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है।
3. प्रतिनियुक्ति हेतु इच्छुक आवेदक अर्थात मध्यप्रदेश शासन के विभागों/निगम मंडलों अथवा अर्द्ध शासकीय संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी अपने आवेदन विभाग प्रमुख के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ विभागीय जॉच/अपराधिक प्रकरण/आर्थिक अपराध प्रकरण/अन्य किसी प्रकार की जॉच लंबित न होने के समस्त प्रमाण पत्रों सहित, निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रेषित कर सकेंगें। उपरोक्त प्रमाण–पत्रो के अभाव में आवेदन स्वीकार नही किये जाएंगें।
4. प्रतिनियुक्ति द्वारा पद पूर्ति होने की स्थिति में सेवानिवृत्त होने पर परस्पर सहमति से संविदा पर आरक्षण रोस्टर के अनुसार सेवा वृद्धि की जा सकेगी, जो समेकित अधिकतम 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक होगी।

5. संविदा नियुक्ति की दशा में आवेदक की दिनांक 01.01.2024 को आयु 63 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए। संविदा नियुक्ति के पश्चात् अधिकतम 65 वर्ष की आयु तक सेवाएं प्राप्त की जा सकेगी।
6. आवेदन पत्र **दिनांक 27.03.2024 सायः 5.00 बजे** तक कम्पनी कार्यालय में डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किये जा सकते हैं। **लिफाफे पर आवेदित पद का नाम एंव जाति प्रवर्ग अंकित करे** ।
7. समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
8. न्यूनतम अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र में योजना/परियोजना, किस पद पर एवं संपादित कार्यो का अनुभव आदि स्पष्ट विवरण होना चाहिए।
9. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य विछड़ा वर्ग के आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी), द्वारा जारी होना चाहिए।
10. आवेदन का प्रारूप पदों के लिये न्यूनतम/वांछनीय, शैक्षणिक योग्यता तथा अनुभव संबंधी विस्तृत विवरण, कम्पनी एवं विभाग की वेबसाईट www.mpudc.co.in एवं www.mpurban.gov.in पर उपलब्ध है।
11. आवेदन के संबंध में प्रबंध संचालक का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

20/02/24

**प्रबंध संचालक**
मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड

# प्रतिनियुक्ति/संविदा से भरे जाने वाले विभिन्न पदों के लिये शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव।

| स. क. | पद का नाम | पदो की संख्या | शैक्षणिक योग्यता | | अनुभव | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | न्युनतम | वांछनीय | प्रतिनियुक्ति हेतु | संविदा हेतु | वांछनीय |
| 1 | परियोजना प्रबंधक | 05 | बी.ई सिविल या समकक्ष | एम.टेक. या समकक्ष | (1) मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों अथवा निगम/मंडल/अर्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत अधीक्षण यंत्री या 5 वर्ष या उससे अधिक समय से कार्यरत कार्यपालन यंत्री।<br>(2) भारत सरकार के विभिन्न विभागों अथवा निगम/मण्डल/अर्द्धशासकीय उपक्रम में अधीक्षण यंत्री के पद पर कार्यरत अथवा 5 वर्ष से अधिक समय तक कार्यपालन यंत्री के पद पर कार्यरत। | (1) मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों अथवा निगम/मंडल/अर्धशासकीय संस्थाओं से सेवानिवृत्त अधीक्षण यंत्री या 05 वर्ष या उससे अधिक समय से कार्यरत कार्यपालन यंत्री के पद से सेवा निवृत्त अधिकारी।<br>(2) भारत सरकार के विभिन्न विभागों अथवा निगम/मंडल/अर्धशासकीय उपक्रमों में अधीक्षण यंत्री के पद से सेवा निवृत्त अथवा 05 वर्ष से अधिक समय तक कार्यपालन यंत्री के पद पर कार्य करने के उपरांत सेवानिवृत्त/संविदा पर कार्यरत। | जलप्रदाय अथवा मलजल (सीवरेज) योजनाओं के कियान्वयन अथवा संधारण का अनुभव। |
| 2 | परियोजना अधिकारी | 02 | बी.ई सिविल या समकक्ष | एम.टेक. या समकक्ष | मध्यप्रदेश शासन के शासकीय विभागो /निगम/मण्डल/अर्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कार्यपालन यंत्री या 10 वर्ष या उससे अधिक समय से कार्यरत सहायक यंत्री जिन्हें जलप्रदाय योजनाओं का कार्यानुभव हो। | कंस्ट्रक्शन इंजीनियर/डिजाईन इंजीनियर अथवा समकक्ष स्तर के पद पर 10 वर्ष का अनुभव एवं कम से कम 05 जलप्रदाय योजनाओं (लागत 10 करोड़ या अधिक प्रति योजना) का डी.पी.आर. बनाने या कियान्वयन का अनुभव। | बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं में कार्य करने का अनुभव वांछनीय है। |
| 3 | उप परियोजना प्रबंधक | 03 | बी.ई सिविल या समकक्ष | एम.टेक. या समकक्ष | (1) मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों अथवा निगम/मंडल/अर्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कार्यपालन यंत्री अथवा 8 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत सहायक यंत्री।<br>(2) भारत सरकार के विभिन्न विभागों अथवा निगम/मण्डल/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कार्यपालन यंत्री अथवा 8 वर्ष से अधिक समय तक कार्यरत सहायक यंत्री। | (1) मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों अथवा निगम/मंडल/अर्धशासकीय संस्थाओं से कार्यपालन यंत्री के पद से सेवानिवृत्त अथवा 08 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत सहायक यंत्री के पद से सेवा निवृत्त।<br>(2) भारत सरकार के विभिन्न विभागों अथवा निगम/मंडल/अर्धशासकीय संस्थाओं से कार्यरत कार्यपालन यंत्री के पद से सेवा निवृत्त अथवा 08 वर्ष से अधिक समय तक सहायक यंत्री के पद से सेवानिवृत्त अधिकारी। | जलप्रदाय अथवा मलजल (सीवरेज) योजनाओं के कियान्वयन अथवा संधारण का अनुभव। |
| 4 | सामुदायिक विकास अधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी | 01 | समाज शास्त्र/जन संपर्क/मास कम्यूनिकेशन में | संबंधित विषय में पी.एच.डी. | मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों अथवा निगम/मंडल/अर्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत सामुदायिक विकास अधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, | मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों अथवा निगम/मंडल/अर्धशासकीय संस्थाओं से सेवानिवृत्त या संविदा पर कार्यरत सामुदायिक विकास अधिकारी/जनसंपर्क | किसी बाह्य वित्त पोषित परियोजना में कार्य करने का अनुभव। |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | स्नाकोत्तर या समकक्ष | | जिन्हें उक्त पद पर कार्य करने का 05 वर्ष का अनुभव हो, अथवा ऐसे कर्मचारी जिन्हें सामुदायिक विकास से संबंधित कार्य करने का 10 वर्ष का अनुभव हो। साथ ही हिन्दी एवं अंग्रेजी में लिखने पढ़ने, बोलने तथा रिपोर्ट तैयार करने की दक्षता के साथ कम्प्यूटर पर कार्य करना आना चाहिए। | अधिकारी, जिन्हें उक्त पद पर कार्य करने का 05 वर्ष का अनुभव हो, अथवा ऐसे कर्मचारी जिन्हें शासकीय परियोजनाओं में सामुदायिक विकास से संबंधित कार्य करने का 10 वर्ष अनुभव हो। साथ ही हिन्दी एवं अंग्रेजी में लिखने पढ़ने, बोलने तथा रिपोर्ट तैयार करने की दक्षता के साथ कम्प्यूटर पर कार्य करना आना चाहिए। | |
| 5 | सिविल अभियंता | 03 | बी.ई. सिविल या समकक्ष | एम.ई./एम.टेक. या समकक्ष | मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों अथवा निगम/मंडल/अर्धशासकीय संस्थाओं में 05 वर्ष या उससे अधिक समय से कार्यरत सहायक यंत्री स्तर के अधिकारी जिन्हें जलप्रदाय अथवा मलजल योजनाओं का कार्यानुभव हो। | कंस्ट्रक्शन इंजीनियर/डिजाईन इंजीनियर अथवा समकक्ष स्तर के पद पर 05 वर्ष का अनुभव एवं कम से कम 03 जलप्रदाय योजनाओं (लागत 10 करोड़ या अधिक प्रति योजना) का डी.पी.आर. बनाने या कियान्वयन का अनुभव। | बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं में कार्य करने का अनुभव वांछनीय है। |
| 6 | कार्यालय प्रबंधक | 01 | स्नातक या समकक्ष | किसी विषय में स्नातकोत्तर | मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों अथवा निगम/मंडल/अर्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत अधीक्षक/सहायक अधीक्षक स्तर के कर्मचारी जिन्हें कार्यालयीन प्रबंधन, भंडार कय नियमों एवं सामान्य कार्यालयीन पत्राचार इत्यादि का अनुभव हो। साथ ही कम्प्यूटर पर कार्य करना आना चाहिए। | मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों अथवा निगम/मंडल/अर्धशासकीय संस्थाओं से सेवानिवृत्त अधीक्षक/ सहायक अधीक्षक स्तर के कर्मचारी जिन्हें कार्यालयीन प्रबंधन, भंडार कय नियमों एवं सामान्य कार्यालयीन पत्राचार इत्यादि का अनुभव हो। साथ ही कम्प्यूटर पर कार्य करना आना चाहिए। | बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं में कार्य अनुभव रखने वाले आवेदकों को वरीयता दी जायेगी। |
| 7 | प्रशासकीय सहायक | 02 | किसी भी विषय में स्नातक | – | मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों अथवा निगम/मंडल/अर्धशासकीय संस्थाओं में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव रखने वाले सहायक ग्रेड–2 स्तर के कर्मचारी। | मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों अथवा निगम/मंडल/अर्धशासकीय संस्थाओं में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव रखने वाले सहायक ग्रेड–2 स्तर के सेवानिवृत्त कर्मचारी। | कम्प्यूटर पर हिन्दी अंग्रजी टंकन तथा सामान्य कार्यालयीन कार्य का अनुभव रखने वाले को वरियता दी जाएगी। |

**(प्रबंध संचालक द्वारा अनुमोदित)**

20/02/2024

(धीरेन्द्र सिंह)

**उप परियोजना संचालक (प्रशासन)**